आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- हिन्द महासागर क्षेत्र में गोताखोरी को लोकप्रिय बनाने और द्वीपों में प्रस्तावित स्कूबा डाविंग वर्ल्ड रिकॉर्ड की सुविधाओं की समीक्षा के लिए कल राजनिवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सुदीप राय शर्मा नगरपालिका परिषद के नए अध्यक्ष चुने गए हैं।
- नव–नियुक्त अध्यक्ष ने नगरपालिका परिषद को चलाने के लिए सभी से सहयोग का अनुरोध किया है।
- आशियान देशों मे अपनी सेवाएं पूरी करने के बाद भारतीय तटरक्षक के जहाज़ समुद्र पहरेदार पोर्ट ब्लेयर वापस पहुंचा।
- प्रकृति के बारे में जानकारी देने के लिए स्कूल विद्यार्थियों के लिए अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

हिन्द महासागर क्षेत्र में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह को गोताखोरी और पर्यटक के लिए प्रमुख गतव्य बनाने के वास्ते प्रयास ज़ोर पकड़ रहा है। उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी की अध्यक्षता में कल राजनिवास में द्वीपों में गोताखोरों के लिए प्रस्तावित स्कूबा डाविंग वर्ल्ड रिकॉर्ड की सुविधाओं की समीक्षा के लिए राजनिवास में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितधारकों को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने द्वीपों में इस तरह की गतिविधियां आयोजित करने के लिए हितधारकों की ओर से आगे आने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष अक्तूबर–नवम्बर में इस गतिविधि के लिए जो समय निर्धारित की गई है उसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता के लिए हितधारकों को पूर्ण सहयोग मिलेगा। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि इस संबंध में यह दूसरी बैठक है इसके लिए दो उपसमितियों का गठन किया गया है इनमें योजना पहलुओं की निगरानी के लिए उपयोजना समिति और गतिविधि के क्रियान्वयन के लिए भी एक उप–समिति का गठन किया गया है।

पर्यटन सचिव विशवेन्द्र ने इस मेघा इवेंट के लिए पर्यटन हितधारकों और गोताखोरी एसोसिएशन के साथ लगातार हुई बैठकों की जानकारी दी। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालिवाल और विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए कल अध्यक्ष पद का चुनाव कराया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद के सभागार में कराए गए चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार और पार्षद सुदीप राय शर्मा को विजेता घोषित किया गया। चौबीस पार्षदों की नगरपालिका परिषद में उन्हें कुल पन्द्रह पार्षदों का समर्थन मिला। उनके प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के अज़ीज़ुर्रहमान को कुल नौ वोट मिले। नगरपालिका परिषद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दस और उसके सहयोगी डी. एम. के. का एक पार्षद है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के दस, तेलुगू देशम पार्टी के दो और एक निदर्लीय पार्षद है। कल के चुनाव में क्रॉस वोटिंग की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बाद में आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में नव–निर्वाचित अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने परिषद के सुचारू संचालन और विकास के लिए प्रशासन सहित सभी से सहयोग का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

आशियान देशों मे अपनी सेवाएं पूरी करने के बाद भारतीय तटरक्षक के जहाज़ समुद्र पहरेदार पोर्ट ब्लेयर वापस पहुंच चुका है। विदेशों में अपने प्रवास के दौरान समुद्री पहरेदार ने कौशल विकास अभियान सहित कई गतिविधियों में भाग लिया, जिसके माध्यम से सामुद्रिक जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ समुद्र में अवैध गतिविधियों से मुकाबला और प्रतिभागी तटरक्षक राष्ट्रों के साथ एकजुटता और अखंडता को बनाए रखना है। इस सेवा के दौरान संयुक्त सेवा के छः और जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय पोर्ट ब्लेयर के एन सी सी नौसेना के दस कैडेटों ने भी भाग लिया। इससे इन कैडेटों को भविष्य की सामुद्रिक चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वूपर्ण अनुभव के साथ–साथ जानकारी भी हासिल हुई है। मौके पर अनुभव के साथ इन कैडेटों को विश्व की मौजूदा वास्तविक सामुद्रिक संचालन के बारे में भी बहुत कुछ सीखने को मिला है।

<><><><><><><>

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधी नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रेट निकोबार द्वीप की मलेरिया इकाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मलेरिया की रोकथाम करने के बारे में अपनाए जाने वाले तरीकों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

पार्षद अब्दुल इस्लाम ने जंगलीघाट निवासी नारायण किशन के निधन पर शोक प्रकट किया है। वे उनहत्तर वर्ष के थे। शव यात्रा दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी। उधर, एन जी ओ एसोसिएशन ने विम्बर्लीगंज निवासी कार्तियानी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। इनका भी कल निधन हो गया। वे अस्सी वर्ष की थी। शव यात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

प्रकृति शांति निकेतन कार्यक्रम के तहत पर्यावरण और वन विभाग की वन्य प्राणी संभाग की ओर से हाल ही में दिलानीपुर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैडो के प्रकृति उद्यान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रकृति और विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधों आदि की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर वन्य प्राणी पारि–प्रणाली पर ड्रॉइंग और क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

<><><><><><><>

दूरसंचार विभाग ने नागरिकों के लिए एक दिशा–निर्देश जारी किया है कि लोगों को ऐसे कॉल आ रहे हैं, जिनमें दूरसंचार विभाग के नाम पर कॉल करने वाले धमकी दे रहे हैं कि उनके सभी मोबाईल नंबर बंद कर दिए जाएंगे या उनके मोबाईल नंबरों का किसी अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाईल नंबरों से ठगने वाले व्हाट्सऐप कॉल के बारे में भी लोगों को अवगत कराया है। विभाग ने एक बयान में कहा है कि साईबर अपराधी ऐसी कॉल के जरिए साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए व्यक्तिगत जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं। दूरसंचार विभाग ने बताया है कि उसके द्वारा ऐसी कॉल नहीं की जाती है और इससे लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी गई है और ऐसी कॉल आने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है।

दूरसंचार विभाग ने नागरिकों को संचार साथी पोर्टल www.sancharsaathi.gov.in के पोर्टल पर किसी भी ऐसी धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने की सलाह दी है। इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार होने की स्थिति में साईबर अपराध हैल्पलाइन नंबर एक नौ तीन शून्य या www.cibercrime.gov.in पर रिपोर्ट करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा द्वीपों में बचे हुए प्रवासी मजदूरों को राशनकार्ड का वितरण करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा– द डेली टेलीग्रम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है और

द्वीप समाचार ने सबसे दूरस्थ पुलिस थानों में से एक तेरेसा थाना को आई एस ओ नौ हजार एक प्रमाण पत्र प्राप्त होने के समाचार को प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। अण्डमान क्रोनिकल ने भी इसी खबर को प्रमुखता दी है। दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन द्वारा पोर्ट ब्लेयर और फरारगंज तहसील में सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई वर्ग मीटर क्षेत्र खाली कराए गए–इंफो इंडिया की खबर है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने प्रकाशित किया है, जबकि लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में आज होने वाले चुनाव से जुड़े समाचार को – द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>